तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 अप्रैल 2024

4


गरबा महोत्सव समिति ने किया दुर्गा चालीसा पाठ





## खबर संक्षेप

### बालवाटिका के लिए आवेदन आज तक

**सारंगढ़।** देशभर में भारत सरकार के अधीन इंग्लिश मीडियम में संचालित केंद्रीय विद्यालयों में बालवाटिका 1, 2, 3 सामान्य भाषा में नर्सरी, केजी 1, केजी 2 और कक्षा 1 के लिए आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है।बालवाटिका 1, 2, 3 सामान्य भाषा में नर्सरी, केजी 1, केजी 2 अंतर्गत बालवाटिका 1 क्े लिए बच्चे की उम्र 3 से 4 सालए बालवाटिका 2 क्े लिए उम्र 4 से 5 साल, बालवाटिका 3 क्े लिए उम्र 5 से 6 साल होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 1 क्े लिए बच्चे की उम्र 6 से 8 साल होने चाहिए। इन सभी में एडमिशन के लिए बच्चे की उम्र की गिनती 31 मार्च की स्थिति में होगा। बालवाटिका क्े लिए आवेदन सीधे केंद्रीय विद्यालय में जमा होगा और क्लास 1 के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा होगा, जिसका लिंक है। इस लिंक क्े नीचे में कॉलम में शर्त को टिक करेंगे तब फॉर्म खुलता है और आगे का एडमिशन रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

### मीडिया प्रमाणन समिति से लेना होगा सर्टिफिकेशन

**सारंगढ़।** जांजगीर चांपा और रायगढ़ जिला मुख्यालय पर गठित जिला स्तर की मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, टाकीज, रेडियो निजी एफएम रेडियो सहित, ई समाचार पत्र, बल्क एसएमएम एवॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी में क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को अनुमति लेना आवश्यक है। यदि वे अनुमति नहीं लेंगे तो यह निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है।

### युवक पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना पुसौर में ग्राम कंवरिहा में रहने वाले गोपाल सिदार 45 साल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके दो बेटे राहुल सिदार और यशवंत सिदार हैं। छोटा लडका यशवंत पढाई कर रहा है । रोज की तरह 12 अप्रैल को यशवंत 19 साल रात्रि में खाना खाकर घर के पास स्थित राधा कृष्ण मंदिर पास गया था, थोड़ी देर बाद यशवंत दौडते हुए घर आकर बताया कि मंदिर के पास बैठ कर अपने मोबाइल में गेम खेल रहा था कि उसी समय रात करीब 09.30 बजे निर्मल सिदार घरेलू पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच करते हुए हाथ में रखे धान काटने वाला हंसिया से गला पीछे गर्दन में मारा है। आसपास के लोग बीच बचाव किए। घायल को रायगढ़ प्रायवेट अस्पताल में भर्ती कराए जिसके बाद शंकराचार्य अस्पताल रायपुर ले जाकर भर्ती कराए हैं। घटना की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा आरोपित निर्मल सिदार पर हत्या का प्रयास का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को तत्काल हिरासत में लेकर आरोपी से घटना में प्रयुक्त धारदार हंसिया की जब्ती कर आरोपी निर्मल सिदार पिता सिदार उम्र 30 साल निवासी ग्राम कंवरिहा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



### सूने घर से चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** सूने घर का रोशनदान तोड़कर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया जेवर भी बरामद क्िया है। आरोपी ने गहनों को सैप्टिक टैंक में छिपाकर रखा था। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलादेही का है।

## सामान लेने के बहाने दुकान पहुंचा था आरोपी, सारंगढ़ की घटना

# छेड़छाड़ का बदला लेने युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ में 13 अप्रैल की रात करीब 10 बजे उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गोपेश नामक युवक के दुकान में एक युवक आया और दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में बदल गया और शुभम ने आवेश में आकर गोपेश पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि गोपेश ने शुभम की बहन के साथ छेड़खानी की थी, उसी बात का बदला लेने के लिए शुभम ने उसकी हत्या कर दी। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर के होटल श्री ओम के सामने रानी लक्ष्मी बाई कॉम्प्लेक्स के समीप मछली बाजार निवासी 28 वर्षीय गोपेश आदित्य की पान की दुकान है। प्रतिदिन की भांति 13 अप्रैल की रात भी गोपेश दुकान खोला हुआ था, तथा अपना कार्य कर रहा था। उसी वक्त रात करीब 10 बजे उसी के मोहल्ले में रहने वाला शुभम आदित्य भी वहां पहुंच गया और अपनी बहन से छेड़खानी किए जाने की बात को लेकर उससे विवाद करने लगा। शुभम आदित्य ने गोपेश के साथ दुकान पर ही मारपीट करना शुरू कर दिया और हाथापाई करते हुए उसको दुकान के बाहर ले आया। जिसके बाद गोपेश पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी युवक ने गोपेश के सिर के पीछे ओर पीठ पर ताबड़तोड़ हमला कर मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, कुछ लोगों ने गोपेश के परिजनों को भी इस घटना की जानकारी दे दी। ऐसे में इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी वहां पहुंच गए। किसी तरह परिजन घायल गोपेश को शासकीय हस्पताल पहुंचे तथा प्रारंभिक ईलाज प्रारंभ हुआ। वही दूसरी ओर पूरे घटना की जानकारी मिलने के बाद सारंगढ़ पुलिस भी मोके पर पहुंची तथा पूरी घटना का जानकारी लेने मे लग गई। वही लगभग 11 बजे रात को इस चाकूबाजी में बुरी तरह से घायल गोपेश आदित्य का बहुत ज्यादा खून बहने के कारण से उसकी मौत हो गई।

वही पुलिस ने मौके पर पहुंची कर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी, साथ ही फरार आरोपी की पतासाजी में भी जुट गई। अहम बात यह है कि इस मामले की जांच की प्रारंभिक कड़ियों में पुलिस को पता चला है कि मृतक ने आरोपी युवक की बहन से छेड़खानी की थी, जिसके बाद नाराज युवक ने धारदार हथियार से हमला कर गोपेश की हत्या कर दी।



मौके पर जांच करती पुलिस इनसेट में मृतक ।

**जांच की जा रही**

मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, आरोपी की पतासाजी भी की जा रही है। जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा।

-अविनाश मिश्रा

डीएसपी, सारंगढ़

# हाथी के हमले से महिला की मौत, पुरूष घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वन मंडल रायगढ़ के तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई वहीं एक पुरूष गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सूचना मिलने पर वन विभाग मौके पर पहुंची और मृतिका के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करते हुए गजराज की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों से जंगल की ओर न जाने की अपील की।

आमघाट के सरपंच प्रेमसागर राठिया से मिली जानकारी के अनुसार, कालावती पति सुखसिंग राठिया उम्र करीबन 50 वर्ष जो रविवार सुबह महुआ चुनने के लिए जंगल की ओर गांव के कुछ महिलाओं के साथ जा रही थी। सभी पहाड़ की ओर चढ़ाई कर रहे थे, तभी पहाड़ से गांव की ओर गजराज आ रहा था। हाथी को देखकर कुछ महिलाएं अगल बगल भाग गई, लेकिन कलावती हाथी के चंगुल में फंस गई, फिर बुजुर्ग महिला को हाथी ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। महिला को कुचलना के बाद हाथी ने एक किलोमीटर दूर एक पुरुष को भी गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। जिसे उपचार हेतु तमनार अस्पताल भेजा गया है। घायल व्यक्ति आमघाट का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और वन विभाग की टीम को सूचना दी गई है।



■ तमनार वन परिक्षेत्र के झिंगोल की घटना

# स्वामी आत्मानंद के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों मे एडमिशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

प्रदेश में सत्र 2023.24 में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 348 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। सत्र 2024-25 में प्रदेश के इन सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालयों की प्रक्रिया प्रारंभ है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2024-25 में छात्र.छात्राओं के एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ है। एडमिशन हेतु आवेदन तिथि की अंतिम तिथि 05 मई 2024 निर्धारित है। अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 05 मई से 10 मई 2024 तक किया जाएगा। एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई 2024 तक किया जाएगा।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन हेतु कई निर्देशों का पालन करना होगा। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र छात्राओं को कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जाए। कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें एडमिशन हेतु आवेदन पत्र साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लॉटरी सिस्टम से होगा अर्थात कम्प्यूटर के माध्यम से रेंडमली चयन किया जायेगा।




### करमीटिकरा डेम में डूबने से युवक की मौत

**रायगढ़।** करमीटिकरा के डेम के गहरे पानी में नहाने के दौरान धरमजयगढ़ कालोनी निवासी एक नवयुवक की मौत हो गई है जिसे डायल 112 की मदद से धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ने धरमजयगढ़ कालोनी निवासी आयुष पिता जगदीश बैरागी अपने दो दोस्तो के साथ करमी टिकरा की तरफ घूमने गए हुए थे इसी दौरान डेम में नहाने लगे नहाने के दौरान गहरे पानी में उतरने और तैरना नहीं जानने की वजह से आयुष की मौत हो गई जिसके बाद इसकी डायल 112 को दी गई तत्पश्चात डायल 112 के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक का शव निकालने के उसे धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया है। जहां आगे की कार्यवाही जारी है मृतक के परिजनों ने बताया कि दोपहर तकरीबन एक बजे सभी साथी घर से घूमने जाने के नाम पर निकले थे।

## फूड पैंकिग जॉब दिलाने ठगे 3.70 लाख, छाल की घटना

# नौकरी लगाने के नाम पर युवक से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरूंगा निवासी युवक के साथ कनेडियन एयर लाइन में फुट पैकिंग जॉब दिलाने के पर करीब 3 लाख 70 रूपए की ठगी किए जाने के मामले में छाल पुलिस ने कुंदन कुमार नामक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

इस संबंध में संदीप कुमार तिग्गा पिता लाल साय तिग्गा उम्र 36 साल निवासी ग्राम पुरूंगा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कुंदन कुमार नाम के व्यक्ति द्वारा उसे कनेडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग का जॉब दिलाने के नाम पर 3 लाख 70 हजार रूपए की धोखाधड़ी की है। संदीप ने बताया कि उसके दोस्त के जरिए कुन्दन कुमार नाम के व्यक्ति से उसकी बात हुई। जिससे संदीप दिल्ली में मिला था। कुंदन कुमार ने विदेश में जाब दिलाने का आश्वासन देकर अपना आधार कार्ड, विजिटिंग कार्ड दिया और कनाडा में कनेडियन एयर लाईन में फूड पैकिंग में जॉब दिलाने की बात कहते हुए प्रोसेस के नाम पर पहले 25 हजार रूपए ले लिया। कुछ दिनों बाद एक लेटर भी उसने दिया और टिकट बुकिंग के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए लिए। इसके करीब 10-15 दिन बाद कुंदन ने संदीप को वीजा स्टंपिंग के बाद टिकट कम्पनी द्वारा दिए जाने की बात कहते हुए वीजा के नाम पर उससे पुनः 1 लाख 95 हजार रूपए ले लिए। कुंदन के अनुसार 26 फरवरी को वीजा स्टपिंग मुम्बई में होना था और 28 फरवरी का प्लेन टिकट मुम्बई से टोरोंटो के लिए था, लेकिन 22 फरवरी को कुंदन कॉल कर अचानक एमएमएआई फंस जाने की बात कहकर कनाडा जाने की बात कहने लगा। तब संदीप ने सबूत के नाम पर टिकट एवं वीजा भेजने के लिए कुंदन को बोला तो उसने मोबाईल चोरी हो जाने और उसी में सब टिकट होने की बात कही। संदीप को आभास हुआ कि उसके साथ वह धोखाधडी कर रहा है। जिसके बाद उसने साईबर क्राईम पोर्टल में आनलाईन शिकायत दर्ज कराई, जिससे कुंदन का बैंक अकाउट फ्रीज हो गया। कुंदन अब संदीप को दबाव बना रहा है कि वह उक्त शिकायत वापस ले ले। वहीं पुलिस द्वारा संदीप तिग्गा की लिखित शिकायत पर छाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।




## नगर सैनिकों ने मनाया अग्निशमन दिवस

**रायगढ़।** अग्निशमन दिवस मनाया जा रहा है जिसके प्रारंभ में जिला अग्निशमन अधिकारी को उपस्थिति में नगर सेना के सैनिक एवं अग्निशमन कमियों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर सन् 1944 में शहीद अग्निशमन कर्मीयों को प्रांजलि दी गई एवं अग्निसुरक्षा के बचाव के संबंध में सभी सैनिकों को जिसमें महिला सैनिको भी उपस्थित थी उन्हें घरेलू एल पी जी गॅस में आग लगने उनसे उसे कैसे बुझाया जाय बर्ष हंबंध मै विस्तार से बताया गया। जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर ऐ पर ब्यान 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक प्रतिदिन अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि के पाम्पलेट एवं बैनर पोस्टर वितरित कराया जाकर विभिन कोई न कोई गतिविधियाँ आइत की जाएगी। नगर के आस पास स्थित फॅक्टरीयों में वहाँ के कर्मचारीयों को अग्नि के बचाव के ठेवध में बताया जाएगा। आज के कार्यक्रम में बी कुजूर जिला अग्निशमन अधिकारी, अनिल वैष अग्निशमन अधिकारी, प्रमोद जोगी, विपिन खलखों सुमित केशरवानी आदि उपस्थित रहे।



## कर्मियों से भरवाए गए डाक मतपत्र के फॉर्म

**रायगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में रहने वाले सुरक्षा कर्मियों तथा अन्य व्यक्तियों अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न हो इसके लिए डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाती है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के डाक मतपत्र भरवाने का अभियान चल रहा है। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।इसी क्रम में नगर सैनिकों को डाक मतपत्र के आवेदन भरवाए गए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पोस्टल बैलेट शाखा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा ने बताया कि सेनानी होम गार्ड कार्यालय में इसके लिए विशेष कैंप लगाया गया था। जहां जिला सेनानी बी कुजूर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर 120 नगर सैनिकों के फॉर्म भरवाए गए हैं।



## महिला की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**रायगढ।** कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बताती में एक महिला की उसके पति ने इसलिए हत्या कर दी थी, कि उसने खाना बनाने में देरी कर दी। आखिरकार पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल की सुबह ग्राम बताती में महिला की उसके पति द्वारा मारपीट कर हत्या की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी तत्काल मौके के लिए अपने स्टाफ के साथ रवाना हुए, जहां लक्ष्मी बाई मझवार उम्र 26 वर्ष का शव उसके घर पर पड़ा मिला। घटना के संबंध में मृतिका के देवर जयलाल मझवार उम्र 25 साल ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह लक्ष्मी मझवार और उसका पति जयपाल बैगा अपने खेत में महुआ बीनने गये थे। जहां से लक्ष्मी अकेले वापस घर आ गई। शाम करीब 4 बजे जयपाल बैगा खेत से घर आया तो देखा लक्ष्मी खाट पर सोई हुई थी। जयपाल बैगा उसकी पत्नी को खाना नहीं बनाने की बात कह कर झगड़ा और मारपीट कर घर में रखी कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दिया। घटना के संबंध में थाना कापू में आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध कायम करते हुए जयपाल बैगा पिता कार्तिक राम बैगा उम्र 30 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



## चार माह से आधा दर्जन ट्रेन रोज हो रही विलंब

# लेटलतीफी ने यात्रियों की बढ़ाई मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते करीब चार माह से मुंबई हावड़ा रूट पर चलने वाली करीब आधा दर्जन ट्रेन अपने निर्धारित समय से 4 से 6 घंटे तक विलंब से पहुंच रही है। ट्रेनों की यह लेटलतीफी हर दिन देखने को मिल रही है, जिसकी वजह से यात्रियों का काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

अहम बात यह है कि जब से दक्षिण बिहार एक्सप्रेस का विस्तार राजेन्द्र नगर से आरा तक किया गया है, वह कभी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी है। हालांकि इससे पहले भी यह ट्रेन विलंब से ही स्टेशन पहुंचती थी, किंतु जब से इस ट्रेन का विस्तार आरा तक हुआ है और अधिक विलंब से यह ट्रेन स्टेशन पहुंच रही है। इसी प्रकार उत्कल, अमृतसर विशाखापट्टनम सहित अन्य ट्रेनें हैं जो लंबी दूरी तक परिचालित होती हैं, किंतु ये कभी भी अपने निर्धारित समय पर स्टेशन नहीं पहुंचती। मुख्य बात यह है कि इन दिनों गर्मियों की छुट्टी व शादी का सीजन होने के कारण अधिकतर ट्रेनों में सीट की उपलब्धता नहीं होने के कारण यात्री परेशान हैं, वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी उनकी परेशानियों को और बढ़ा रही है। वहीं दूसरी ओर रेलवे ट्रेनों के समय को सुधारने के लिए जो दावे किए जा रहे हैं वे जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेलवे में कई जगहों पर निर्माण व मरम्मत कार्यों की वजह से यह ट्रेनें विलंब से चल रही हैं, हालांकि इन ट्रेनों की चाल कब तक सुधर पाएगी, इसे लेकर भी कोई स्पष्टता जाहिर नहीं की जाती है।



# बाल गायिका आरु की सुमधुर जसगीतों से लोग हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

मां घटेश्वरी मंदिर कसडोल में चैत्र नवरात्र पंचमी को छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध बाल गायिका आरु साहू की जसगीत लोकनृत्य व सुमधुर संगीत से गुंजायमान हुआ। मां घटोरिया पूजन व पर्यटन समिति द्वारा नवरात्र पर्व में पांचवे दिन छत्तीसगढ़ी सुप्रसिद्ध बाल गायिका आरु साहू संगीत संध्या में हजारों बच्चे युवा महिलाओं वरिष्ठगणो में भारी उत्साह देखने को मिला।

केलो बनांचल तहसील तमनार जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रांतों से बड़ी संख्या में लोग प्रसिद्ध बाल गायिका आरु साहू की लोक जसगीत संगीत का आनंद लेने पहुंचे। सुआ लहकत हेएचना के दार, तोला दया नई लगे काएतितली तितली, भगवा रंग, ताली बजा लेना, आमा पान के पतरी, तेरे जैसे यार कहा हरे कृष्णा हरे रामा, मेरे झोपड़ी के राम सुमधुर गीतों से लोग बाग थिरकते रहे। कलाकारों के साथ मंच के नीचे बच्चे युवा गीत संगीत प्रेमियों ने सुर से सुर और कदम से कदम मिलाकर नाचते रहे। छत्तीसगढ़ी बाल गायिका आरु साहू के भक्ति लोक गीत संगीत के साथ विभिन्न पारम्परिक लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति से लोग मंत्रमुग्ध हुए। मां घटोरिया पूजन व पर्यटन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर कर अभिनन्दन किया गया। बाल गायिका आरु साहू ने कहाकि कसडोल तमनार के लोग बहुत ही अच्छे है यहां के लोगो ने सुर में सुर मिला के गाना गए बच्चे युवा खूब नाचे सभी लोगो का बहुत स्नेह मिला। मैने 11 वर्ष की उम्र 5 वी कक्षा से पढ़ाई के साथ गीत गाना प्रारम्भ किया अब तक 200 अलबम सहित सैकड़ो स्टेज में शो कर चुकी हूं।



14- APR-Jash-Bhoomi pg- 2_Layout 1 4/14/2024 8:40 PM Page 1



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### तलाक की खबरों के बीच जस्टिन बीबर ने खरीदा आलीशान बंगला



मशहूर गायक जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली बीबर के तलाक की अफवाहों से उनके प्रशंसक काफी हैरान है। अब इन अफवाहों के बीच दोनों से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने कैलिफोर्निया में एक आलीशान बंगला खरीदा है। इसकी कीमत 16.6 मिलियन डॉलर बताई जा रही है। जस्टिन बीबर और हैली बीबर ने जो बंगला खरीदा है, उसका सौदा पिछले साल ही हो गया था। यह मंहगा घर द मैडिसन क्लब में स्थित है, जो कैलिफोर्निया की कोचेला घाटी में है। इस इलाके में कई मशहूर हस्तियां रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जसिटन बीबर के नए बंगले के आसपास जो लोग रहते हैं, उनमें क्रिस और काइली जेनर, एडेल, टिम कुक, कॉर्टनी कार्दशियन, स्कूटर ब्राउन, फिल नाइट जैसे बड़े सितारे शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीबर का बंगला एकदम लग्जरी है। इसमें 7 बेडरूम के साथ 9 वॉशरूम है। बंगले में 10 हजार स्क्वायर फुट का लिविंग स्पेस भी है। जस्टिन बीबर से पहले एलन नाम के एक निवेशक ने इस बंगले को खरीदा था। उन्होंने साल 2019 में इस बंगले को 6.3 मिलियन डॉलर में खरीदा था। वे चार साल तक इसके मालिक रहे।  स दौरान उन्होंने घर में एक बड़ा इन्फिनिटी पूल एस्ट्रोटर्फ लॉन, खेल कोर्ट, एक गेस्ट हाउस और चार कार वाले गैराज को जोड़ा था।  बंगले की खरीददारी की खबर तब सामने आई है, जब इन दोनों के बीच तलाक की अफवाहें चरम पर है। हालांकि, बीबर की पत्नी हैली ने कई मौकों पर इन अफवाहों को खारिज किया है। दोनों ने साल 2019 में शादी की थी। इनके तलाक की अफवाह के पीछे का आधार यह है कि दोनों को लंबे समय से  सार्वजनिक रूप से एक साथ नहीं  देखा गया है।

## टॉलीवुड

### अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' का शूट होने जा रहा पहला शेड्यूल



साउथ सुपरस्टार अजित कुमार अपनी आने वाली फिल्म 'गुड बैड अग्ली'को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म के निर्माता इसके पहले शेड्यूल को शूट करने की तैयारी में जुटे हुए है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म के निर्माता रामोजी फिल्म स्टूडियो में पहले शेड्यूल को शूट करने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म 'गुड बैड अग्ली'का पहला प्रोमो भी इसी जगह पर शूट हो सकता है। फिलहाल फिल्म से जुड़े लोगों में से किसी ने भी शूटिंग को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अजित कुमार की यह फिल्म एक्शन थ्रिलर होगी। इसमें उनका एकदम अलग तरह का किरदार देखने को मिलेगा। इससे उनके फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। चर्चा तो यह भी है कि अजित फिल्म 'गुड बैड अग्ली'में तीन-तीन किरदार निभाने वाले हैं। इससे पहले भी अजित एक फिल्म में ऐसा कमाल कर चुके हैं। साल 2006 में आई फिल्म 'वरलारु' में भी उन्होंने तीन किरदार अदा किए थे। फिल्म का निर्देशन केएस रविकुमार ने किया था। यह एक हिट फिल्म थी। इस फिल्म के लिए उन्हें तमिलनाडु राज्य पुरस्कार मिला था। 'गुड बैड अग्ली'अजित के करियर की 63वीं फिल्म है। फिल्म का निर्देशन अधिक रविचंद्रन ने किया है। खास बात यह है कि इस फिल्म में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद का संगीत सुनने को मिलेगा। इसका निर्माण नवीन माइथरी ने किया है।  'गुड बैड अग्ली'साल 2025 में पोंगल पर रिलीज होगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है।

## भोजपुरी

### पलायन...पॉलिटिक्स और विकास पर फिल्म 'प्यार से'



ग्रामीण क्षेत्र से हो रहे पलायन और गांव में राजनीति और विकास पर बनी भोजपुरी फिल्म 'प्यार से' को सेंसर बोर्ड से मंजूरी के बाद दर्शकों ने भी उत्साहजनक प्रतिक्रिया सामने आई है। यह फिल्म बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के सिनेमाघर के रूपहले पर्दे पर नजर आई। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और यह सोशल मीडिया के अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इसकी जानकारी निर्माता डॉक्टर वीरेंद्र कुमार  दी। भोजपुरी फिल्म प्यार से को कोडरमा के मशहूर चिकित्सक और पर्यटनविद डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने बनाया है. इस फिल्म के निर्देशक विपिन जाटे हैं। डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस फिल्म में बॉलीवुड सिंगर उदित नारायण ने भी अपनी आवाज दी है। तकरीबन ढाई घंटे की इस फिल्म में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ कई नामचीन कलाकार भी शामिल हैं। निर्देशक विपिन जाटे और निर्माता डॉक्टर वीरेंद्र ने बताया कि गांव देश की आत्मा और आज दूसरे स्वरूप में गांव से पलायन हो रहा है। जिस पर यह फिल्म आधारित है। फिल्म की शूटिंग बिहार, झारखंड और उत्तर के गांव में की गई है।

## ट्रेंड सेटर

## लाइफ स्टाइल



साल 2024 का फैशन ट्रेंड न्यूयॉर्क, मिलान, पेरिस और लंदन फैशन वीक के दौरान तय हो चुका है। बीते साल इन फैशन शो में स्प्रिंग/समर  कलेक्शन को खूब तारीफ मिली और इन्हें ही साल 2024 का ट्रेंड मान लिया गया। मॉडल ने जिस अंदाज में डिजाइनरों के कलेक्शन यहां रैम्प पर पेश किए, उससे तय था कि दर्शकदीर्घा में बैठे फैंस ने उन्हें हाथों-हाथ लिया।

# जॉ लाइन पर महीन दानों से हैं परेशान, तो इसे कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स



जॉ लाइन पर महीने और लाल दोने कहीं आपके चेहरे की खूबसूतरी को तो नहीं बिगाड़ हैं? सबसे खराब होते हैं जॉ लाइन पर होने वाले दाने। यह चेहरे की सुंदरता को तो प्रभावित करते ही हैं, साथ ही दर्दनाक भी होते हैं। आपको भी यदि जॉ लाइन पर दाने हो जाते हैं, तो आप इनकी रोकथाम के लिए कुछ घरेलू उपाय अपना सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम कहती हैं, ₹ जिनका टी-जोन एरिया ऑयली होता है या स्किन ही ऑयली होती है, उन्हें जॉ लाइन पर दाने उभरने की शिकायत होती है। इसके लिए चेहरे की साफ-सफाई पर आपको बहुत ज्यादा ध्यान देना चाहिए।₹

चीनी और शहद का स्क्रब बनाएं और इससे जॉ लाइन को एक्सफोलिए करें। इससे डेड स्किन रिमूव हो जाएगी और रोम छिद्रों में फंसी गंदगी भी निकल आएगी। यदि आपके दाने उभर रहे हैं, तो पहले उन्हें ठीक कर लें। इसके लिए आपको स्किन एक्सपर्ट से ही बात करनी होगी। सप्ताह में एक बार आपको फेशियल स्टीम लेनी चाहिए। आप नींबू का छिलका डालकर स्टीम ले सकती हैं। इससे त्वचा की गहराई से सफाई हो जाती है। फेशियल स्टीम लेने के बाद आपको फेस पैक भी लगाना चाहिए।  आपको चेहरे की नियमित टोनिंग करनी चाहिए। खासतौर पर अगर आपकी स्किन बहुत अधिक ऑयली है, तो आपको रोज रात में सोने से पहले अपने चेहरे को गुलाब जल से साफ करना चाहिए। सप्ताह में एक बार आप बर्फ से चेहरे का फेशियल करें। इससे आपके चेहरे पर उभर रहे दाने बैठ जाएंगे। जॉ लाइन पर भी यदि दाने हो रहे हैं, तो आपको वहां बर्फ से सिकाई करनी चाहिए। आप बेसन और दही का लेप से जॉ लाइन को आहिस्ता-आहिस्ता स्क्रब करें और फिर कुछ देर के लिए आप इसे चेहरे पर ही लगा रहने दें। 10 मिनट बाद पानी से चेहरे को साफ कर लें। इससे भी आपको बहुत अच्छे नतीजे देखने को मिलेंगे। आप रोज रात में सोने से पहले पानी में ऐलोवेरा जेल मिक्स करके चेहरे  पर लगा सकती हैं। इससे चेहरे से निकलने वाला एक्स्ट्रा ऑयल क्लीन जाएगा और जॉ लाइन पर दाने नहीं होंगे।

# इंद्रधनुष के रंगों वाले इन सलवार सूट में आप दिखेंगी स्टाइलिश



फैशन

हम सभी को स्टाइलिश दिखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए हम आए दिन हम अपने लुक में कई तरह के बदलाव करते रहते हैं। बदलते दौर में भी रोजाना हो या किसी फंक्शन में जाना हो तो सूट का फैशन कभी भी आउट ऑफ़ ट्रेंड नहीं होता है। सूट की बात करें तो आजकल इंद्रधनुष के रंगों वाली साड़ी को काफी पसंद किया जा रहा है।  इंद्रधनुष के रंगों वाली सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस आपके लिए, जिससे आपका ट्रेडिशनल लुक भी मॉडर्न और स्टाइलिश नजर आए।

### पेस्टल कलर सलवार-सूट

पेस्टल कलर देखने में काफी सटल और सोबर लुक देने में सहायता करते हैं। ऐसे में आप चाहे तो अपनी पसंद के रंगों को चुनकर फैब्रिक को डाई करवा सकते हैं। इसके अलावा आपको इस तरह का लहरिया डिजाइन भी मार्केट में देखने को मिल जाएगा। आप इसमें शिफॉन या जॉर्जेट फैब्रिक को चुनें। यह गर्मी के मौसम के लिए बेस्ट रहेंगे और आपको मॉडर्न लुक देने में भी मददगार साबित होंगे।



### लेस वर्क सूट डिजाइन

लेस वर्क आप बांधनी से लेकर लहरिया डिजाइन के सूट के साथ में करवा सकती हैं। ज्यादातर इसमें आपको डाई एन डाई में काफी वेरायटी के सलवार-सूट देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के सूट के साथ में आप झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल करें। देखने में इस तरह का लुक आपको इंडियन लुक में भी मॉडर्न टच देने का काम करेगा।

### कलरफुल दुपट्टा लुक

आजकल प्लेन सलवार-सूट को बेहद पसंद किया जा रहा है। इसमें आपको काफी तरह की वेरायटी और कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के लुक में आप अपनी पसंद से किसी भी कलर का सूट बनवा सकती हैं। साथ में डाई एन डाई का कोई भी मल्टी-शेड या रेनबो कलर दुपट्टे को कैरी कर सकती हैं। इस तरह का लुक देखने में काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करेगा।

# दिखाना है जलवा तो बालों में लगाएं परांदा, लुक दिखेगा सबसे अलग



इन दिनों माहौल बैसाखी का है, जिसमें पुरुष और महिलाएं पारंपरिक परिधान में दिखाई देते हैं। इस त्योहार में जहां एक तरफ लड़के पारंपरिक कुर्ता और पायजामा पहनते हैं, तो वहीं महिलाएं पटियाला सूट पहनकर अपना जलवा दिखाती हैं। महिलाएं अपने लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए खास तरह से मेकअप भी करती हैं। अगर आप भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं, तो अपने बालों में परांदा जरूर लगाएं। परांदा देखने में काफी कमाल का लगता है।

**मैचिंग परांदा:** अगर आप सू के मैचिंग का परांदा लगाने का सोच रही हैं, तो ये एक बेहतर विकल्प है। ऐसा परांदा देखने में काफी खूबसूरत लगता है। इससे आपका लुक भी प्यारा दिखेगा।

**हेयर स्टाइल के साथ लगाएं परांदा:** अगर कुछ अलग तरह की हेयर स्टाइल बनाना चाहती हैं, तो इस तरह से बालों में ब्रेड्स बनाकर आप परांदा लगा सकती हैं। इस तरह की हेयर स्टाइल देखने में कमाल की लगती है।

**मिरर वाला परांदा:** अगर आपके बाल लंबे हैं, तो आप ऐसा मिरर वाला परांदा लगा सकती हैं। पटियाला सूट के साथ ऐसा परांदा देखने में प्यारा लगता है। इसके साथ आप मांगटीका लगा सकती हैं।

**गोटे वाला परांदा:** इस तरह की चोटी देखने में काफी प्यारी लगती है। सिंपल चोटी में आप गोटे वाला परांदा लगा सकती हैं। इसे लगाते समय कुछ जुल्फों को बाहर की तरफ निकाल लें, ताकि आपका लुक खूबसूरत दिखे।

**फ्रेंच चोटी के साथ लगाएं परांदा:** अगर आप चाहें तो फ्रेंच चोटी बनाकर उसमें परांदा लगा सकती हैं। ये देखने में काफी खूबसूरत लगती है।

इसके साथ अगर आप कानों में झुमने पहनेंगी, तो आपका लुक बेहद खूबसूरत दिखेगा।

# रोजाना पहनने के लिए बेस्ट रहेंगी लहरिया साड़ी, देखें नए डिजाइंस



डेली वियर के लिए हम अक्सर लाइट वेट फैब्रिक की साड़ी पहनना पसंद करते हैं। वहीं फैशन का दौर तेजी से बदल रहा है। ऐसे में भी साड़ी का चलन तो हमेशा ही ट्रेंड में रहता है। आमतौर पर आपको साड़ी में कई तरह की डिजाइनर वेरायटी देखने को जरूर मिल जाएगी। डिजाइन की बात करें तो इसमें आपको लहरिया डिजाइन को गर्मी के मौसम में काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लहरिया साड़ी के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप ऑफिस से लेकर घर पर पहन सकती हैं। साथ ही, बताएंगे इन साड़ी को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### ऑम्ब्रे शेड लहरिया साड़ी

ऑम्ब्रे शेड आजकल काफी चलन में है। इसमें आपको किन्हीं दो कलर ऑप्शन में एक ही साड़ी देखने को मिल जाएगी। ज्यादातर इसमें पिंक-पर्पल, येलो-रेड, रेड-ग्रीन, ग्रीन-येलो, पिंक-ब्लू, जैसे कलर्स को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इस तरह के लुक में आप सिल्वर ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

## गर्मी में बेहतर पहनावा माना जाता है स्लीवलेस टी शर्ट को, हर उम्र की है पसंद

# गर्मी में स्लीवलेस टी शर्ट देगी फैशन के  साथ स्टाइल भी, लोग करेंगे तारीफ

*गर्मी का मौसम है और आप सभी स्लीवलेस टी शर्ट पहनना चाहते हैं। लेकिन टी शर्ट खरीदेंगे तो सिर्फ आराम के नजरिए से तो नहीं लेंगे। आपको इसमें फैशन और स्टाइल स्टेटमेंट का भी पूरा ख्याल रखना होगा। ताकि आपको आराम के साथ लुक में भी प्लस पॉइंट मिलें। लेकिन स्लीवलेस टीशर्ट आराम के नजरिए से चुनें कैसे? तरीका आसान है ताकि आप जिम में इसे पहनें या दोस्तों के साथ हैंगआउट में या फिर सिर्फ घर पर आराम के लिए, आपका लुक अच्छा ही आएगा-*



### सिर्फ कलर से काम नहीं चलेगा

आप स्लीवलेस टीशर्ट लेते हुए इसके कलर के बारे में खूब सोच-विचार करते होंगे। लेकिन सिर्फ कलर सोच-समझकर लेने से काम नहीं चलेगा। बल्कि आपको स्लीव का कट और शेप को भी जांचना होगा।

### तब खरीदें प्लेन स्लीवलेस टीशर्ट

स्लीवलेस टीशर्ट को प्लेन या प्रिंट में चुनने के लिए आप सिर्फ एक बात ध्यान रखिए। अगर आप इसके ऊपर शर्ट या जैकेट पहनने वाले हैं तो इनको प्लेन रंग में ही चुनें। इस तरह से शर्ट या जैकेट के साथ रंगों का तालमेल आसानी से बैठाया जा सकेगा।

### तब खरीदें प्रिंटेड स्लीवलेस टीशर्ट

स्लीवलेस टीशर्ट को तब ही प्रिंट में खरीदें जब इसको आप अकेले पहनने वाले हों। तब आप चमकते हुए रंग भी खरीद सकते हैं।

### कौन सा रंग

स्लीवलेस टीशर्ट को तब ही प्रिंट में खरीदें जब इसको आप अकेले पहनने वाले हों। तब आप चमकते हुए रंग भी खरीद सकते हैं। इस टीशर्ट का रंग चुनते हुए भी ध्यान रखें कि आपकी स्किन का रंग अगर गाढ़ा है तो डार्क कलर और म्युटेड शेड ही चुनें। गोरे हैं तो हल्के रंग की स्लीवलेस टीशर्ट ही लें।




### बॉडी टाइप और टीशर्ट का पैटर्न

बाजार में टीशर्ट के कई पैटर्न मौजूद हैं। आपको अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से इनका चुनाव करना होगा। जैसे आपकी बॉडी एथलेटिक है तो टाइट फिटेड, वी नेक की स्लीवलेस टीशर्ट आप पर अच्छी लगेगी। अगर आप बहुत पतले हैं तो स्क्वायर शेप की स्लीवलेस टीशर्ट ही लें। इससे हाथों पर जाने वाली अटेंशन कम होती है।

14-April -JAS Bhoomi -pg-3_Layout 1 4/14/2024 8:43 PM Page 1





# वर्ल्डवाइड भी छाया अक्षय और टाइगर का एक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज के बाद अच्छा परफॉर्म कर रही है। फिल्म को ना सिर्फ देश में बल्कि विदेश में भी पसंद किया जा रा है। अब बड़े मियां छोटे मियां का वर्ल्डवाइड दूसरे दिन का कलेक्शन आ गया है। प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के अनुसार, शुक्रवार को दूसरे दिन फिल्म की कुल कमाई वर्ल्ड वाइड 55.14 करोड़ रुपए पहुंच गई। 11 अप्रैल को ईद वाले दिन रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन 36.33 करोड़ रुपए की वर्ल्ड वाइड कमाई की थी। वैसे ट्रेड एक्सपर्ट्स अब भी फिल्म को लेकर काफी ज्यादा इम्प्रेस नहीं हैं।

## लाइफ Style

# नोरा फतेही



## दिखावटी होती हैं फिल्म इंडस्ट्री की शादियां

अपने डांस से बड़ी से बड़ी एक्ट्रेस को टक्कर देने वालीं नोरा फतेही ने 'मडगांव एक्सप्रेस' में कमाल की परफॉर्मेंस देकर सबको इंप्रेस किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा भी कर पाई हो, मगर एक्ट्रेस की एक्टिंग को लोगों से सराहना मिली है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'मडगांव एक्सप्रेस' में अपने काम के लिए तारीफें बटोर रहीं नोरा फतेही ने हाल ही में बॉलीवुड को लेकर हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बी टाउन कपल्स को लेकर ऐसी बात कही है, जिसे सुन कोई भी हैरान हो सकता है। इंटरव्यू में नोरा ने कुछ चीजों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि क्यों ज्यादातर बॉलीवुड कपल शादीशुदा नहीं हैं और वे प्रासंगिक बने रहने के लिए एक-दूसरे का इस्तेमाल करते हैं। नोरा ने बिना किसी का नाम लिए बॉलीवुड कपल्स पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''वो सिर्फ फेम की वजह से आपका इस्तेमाल करना चाहते हैं। वो मेरे साथ नहीं हो सकते, इसलिए आपने मुझे किसी लड़के के साथ नहीं देखा होगा, लेकिन मैं अपने सामने ये सब होते हुए देख चुकी हूं।'' उन्होंने दावा किया कि फिल्म इंडस्ट्री में लोग स्टेटस मेंटेन करने के लिए शादी करते हैं।


नोरा ने बताया कि लोग अपने पति या पत्नी का इस्तेमाल नेटवर्किंग के लिए करते हैं। वो सोचते हैं कि मुझे उस शख्स से शादी करनी है, ताकि मैं तीन सालों तक उससे जुड़ी रहूं, क्योंकि कुछ फिल्में रिलीज हो रही हैं और वे बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही हैं। लोग इस तरह से हिसाब किताब लगाते हैं। उन्होंने दावा कि कपल ऐसा सही कैंप में बने रहने के लिए करते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# कान्स में फिर गूंजा पायल का नाम

**लॉस एंजिलिस।** फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमैजिन ऐज लाइट' को साल 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गुरुवार को इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की है। कपाड़िया को उनकी शानदार डॉक्यूमेंट्री 'ए नाइट ऑफ नोइंग नथिंग' के लिए जाना जाता है, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2021 में ओइल डी'ओर (गोल्डन आई) पुरस्कार जीता था। फ़िल्म का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में जहां सिंगुलर फॉर्म में कंटेम्प्ररी सिनेमा दिखाए जाते हैं के अंतर्गत हुआ।





# फिल्म को देखने के बाद हुईं रहस्यमयी मौतें

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनीं, जो हर तरह के ऑडियंस के लिए थीं। हॉलीवुड हमेशा से ही दमदार कंटेंट बनाने के लिए जाना जाता है। हॉरर से लेकर एक्शन और लगभग हर जॉनर में जबरदस्त फिल्में बनी हैं। ऐसी ही एक फिल्म बनी 'एंट्रम'। इस फिल्म को हॉलीवुड ती शापित फिल्म माना जाता है। इसे देखने के बाद कई लोगों की मौत हुई थी। आज भी इसे देखकर लोग खौफ से भर जाते हैं। आइए बताते हैं इसके बारे में सबकुछ। कनाडाई हॉरर फिल्म 'एंट्रम' अब तक की सबसे घातक फिल्म मानी जाती है। 'एंट्रम' में कहानी और पिक्चर्स दोनों डरावने दिखाए गए हैं। 'एंट्रम' फिल्म कथित तौर पर शापित है, जिसके कारण कई मौतें हुई हैं। 'एंट्रम' की शुरुआत एक मिनी-मॉक्यूमेंट्री से होती है जो फिल्म में एंट्रम के बारे में बात करती है। इसमें एक जंगल का सीन दिखाया गया है जिसमें दो भाई-बहन घूमते हैं।



# प्रेग्नेंट दीपिका की स्किन का हुआ बुरा हाल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपना गोल्डन पीरियड एंजॉय कर रही हैं। जी हां, दीपिका जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर सिंह और दीपिका के घर में नन्हा मेहमान आने वाला है। प्रेगनेंसी अनाउंसमेंट के बाद दीपिका को कई जगहों पर स्पॉट किया गया है। हाल ही में उन्हें अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग फंक्शन में देखा गया था। दीपिका प्रेगनेंसी पीरियड के दौरान एक्टिंग से भले ही दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। इसी बीच उनकी एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें उनकी बॉडी पर बुरी तरह से टैनिंग के निशान नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को देखने के बाद यूजर्स उन्हें कमेंट कर तरह तरह के सजेशन देते दिख रहे हैं।



# डिलिवरी बॉय का सोनू ने किया सपोर्ट

मुंबई। गुरुग्राम में पिछले दिनों स्विगी के डिलिवरी बॉय ने फ्लैट के बाहर रखे जूते चोरी कर लिए थे। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। अब इस मामले पर सोनू सूद का रिएक्शन आया है। उन्होंने डिलिवरी बॉय के खिलाफ कोई भी एक्शन नहीं लेने की अपील की। इसके साथ ही, उन्होंने लोगों से डिलिवरी बॉय के लिए नए जूते खरीद कर देने की भी मांग की। सोनू सूद की इस अपील को जहां कुछ लोगों ने सराहा है, तो कई लोगों ने एक्टर की जमकर ट्रोलिंग कर दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सोनू सूद ने लिखा, 'अगर स्विगी के डिलीवरी बॉय ने किसी के घर खाना पहुंचाते समय एक जोड़ी जूते चुरा लिए, तो उसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लें। वास्तव में उसके लिए एक नए जोड़ी जूते खरीद दें। उसे सचमुच इसकी जरूरत हो सकती है। दयालु बनें।'

## टीवी मसाला



# 15 साल बाद बंद होने जा रहा 'ये रिश्ता ... मिला नोटिस

मुंबई। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 15 साल से चल रहा है और इसकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। लोग आज भी इस शो को पसंद करते हैं और यह लंबे समय से टॉप पांच शोज में से एक रहा है। इस शो का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच, शो से जुड़ी खबर आई कि इसे बंद करने के लिए नोटिस मिला है। इन सबके बीच, राजन शाही ने शो को लेकर चुप्पी तोड़ी है और खास बातचीत में कहा है कि ऐसे नोटिस मिलने से शो की टीआरपी और बढ़ जाती है। वह 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के काफी करीब रहे हैं। शो उतार-चढ़ाव से गुजरा है। कई बार ऐसा हुआ जब टीआरपी गिरी और कई बार शो को लंबे समय तक चलने के लिए ट्रोल किया गया। राजन ने हाल ही में इफ्तार पार्टी की, जहां 'अनुपमा', 'आई कुथे काय करते', 'बातें कुछ अनकही सी', 'वो तो है अलबेला', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और कई शोज के कलाकारों को इनवाइट किया था। उन्होंने उन सभी एक्टर्स को पार्टी में आमंत्रित किया जिनके साथ उन्होंने पहले काम किया है। पार्टी के दौरान उन्होंने मीडिया से बात की।

# इस साल नहीं आएगा 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3'

**मुंबई।** 'बिग बॉस' इंडियन टेलीविजन पर सबसे बड़े रियलिटी शोज में से एक है। इसके टीवी पर 17 सीजन्स आ चुके हैं, तो वहीं ओटीटी पर दो। जिसमें एक करण जौहर और दूसरा सलमान खान ने होस्ट किया था।



पिछले कुछ दिनों से इसके सीजन 3 के आने की भी खबरें थीं। कहा जा रहा था कि वह मई में शुरू हो सकता है। मगर अब इससे जुड़ी एक नई जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस साल ओटीटी पर बिग बॉस नहीं आएगा। दरअसल, 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 1' जहां दिव्या अग्रवाल ने जीता था। वहीं दूसरा सीजन वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट एल्विश यादव ने अपने नाम किया था। अब इसके तीसरे सीजन को लेकर अटकलें थीं कि नया सीजन इस साल 15 मई से प्रसारित हो सकता है। हालांकि एक सूत्र ने बताया है कि इस साल मेकर्स ओटीटी सीजन 3 को लेकर कोई प्लानिंग नहीं कर रहे हैं।



# मायानगरी में होगा पूजा का नया आशियाना

मुंबई। सुपरस्टार ऋतिक रोशन की फिल्म मोहनजोदड़ो से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं अभिनेत्री पूजा हेगड़े किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं। बहुत कम समय में बतौर एक्ट्रेस पूजा ने खुद का खास मुकाम बनाया है। साउथ सिनेमा से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वालीं पूजा हेगड़े को लेकर इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने मायानगरी यानी मुंबई में एक नया घर खरीद लिया है और जल्द ही वह इसमें शिफ्ट होने वाली हैं। हर उभरते हुए फिल्म कलाकार का एक सपना होता है कि वह मुंबई में खुद का आशियाना बनाए। समंदर किनारे उनका भी घर हो। इस ट्रेंड को फॉलो करते हुए अब एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने भी ये सपना सच कर लिया है। खबर के मुताबिक किसी का भाई किसी की जान अदाकारा ने हाल ही में मुंबई के बांद्रा में एक नया घर खरीदा है। उनका ये नया लग्जरी घर सिया फेस, जो 4000 हजार स्क्वायर फीट में बना हुआ है। पूजा के इस होम की कीमत करीब 45 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जो वाकई हैरान करने वाली है। ऐसे में इंडस्ट्री के तमाम फिल्मी सितारों के साथ मुंबई के बांद्रा स्टैंड में पूजा का भी एक घर शामिल हो गया है। बताया ये भी जा रहा है कि जल्द ही वह इस नए घर में शिफ्ट होने वाली हैं। बीते साल सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आने वालीं पूजा हेगड़े आने वाले समय में सुपरस्टार शाहिद कपूर के साथ काम करती दिखेंगी। दरअसल शाहिद और पूजा ने एक क्राइम थ्रिलर फिल्म देवा को साइन किया है।

# अब तक नहीं मिले 'झलक दिखला जा 11' में जीत के पैसे

**मुंबई।** मनीषा रानी को 'दिलों की रानी' के नाम से भी जाना जाता है। मनीषा ने अपने फैंस के दिलों पर कब्जा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। दर्शक उनके नेचर और टैलेंट दोनों को पसंद करते हैं। मनीषा ने हाल ही में अपने डांस की बदौलत सितारों से सजे डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 11' को जीता। हाल ही में एक व्लॉग में, मनीषा रानी ने खुले तौर पर खुलासा किया कि उन्हें अभी तक 'झलक दिखला जा 11' से जीत का इनाम नहीं मिला है। उन्हें अब तक पैसे नहीं दिए गए हैं। उनके व्लॉग में, हम मनीषा को अपने दोस्त महेश केशवाला के साथ बातचीत करते हुए देखते हैं। महेश को ठगेश के नाम से जाना जाता है। दोनों मजाक में एक चाय की दुकान खोलने की बात कहते हैं और मनीषा का दावा है कि ठगेश इसे चलाएंगे। तब ठगेश ने उन्हें बताया कि मनीषा ने 'झलक दिखला जा 11' जीता है, तो इसे उन्हें ही खोलना चाहिए। मनीषा ने कहा, 'झलक की जीत की रकम अभी तक नहीं आई है।' उन्होंने आगे कहा, 'आधा काट लेंगे वो लोग।' इसके बाद मनीषा ने कुछ जोक्स कहे कि कैसे लोग अमीर होते हैं जब उनके पास एक अमीर पार्टनर होता है।



# जाह्नवी की 'उलझ' को लेकर आया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बावजूद इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय से फैंस के बीच एक अलग पहचान बनाई है। अब वह जल्द ही सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'उलझ' में दिखाई देंगी। इस मूवी में वह भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर के साथ फिल्म में गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, मियांग चांग और सचिन खेडेकर भी दिखाई देने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर बड़ी अपडेट सामने आ रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि ये मूवी इसी साल रिलीज हो सकती है। जाह्नवी कपूर की फिल्म्स का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। अब हाल ही में उनकी मूवी उलझ सुर्खियों में बनी हुई है। बीते साल जंगली पिक्चर्स ने इसका फर्स्ट लुक शेयर किया था। वहीं, इसकी शूटिंग भी खत्म हो गई है। अब बस फैंस इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उलझ का पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के करीब है। जंगली पिक्चर्स की टीम 5 जुलाई, 2024 को अपनी राजनीतिक थ्रिलर लाने का लक्ष्य बना रही है और जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर सकते है। ऐसे में अब फैंस भी इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रहे हैं। जाह्नवी कपूर भी अपनी फिल्म उलझ को लेकर काफी उत्साहित हैं। एक इंटरव्यू में बात करते हुए उन्होंने बताया था कि जब मुझे उलझ की स्क्रिप्ट के साथ संपर्क किया गया, तो इसने मुझे तुरंत आकर्षित कर लिया, क्योंकि एक एक्ट्रेस के रूप में, मैं लगातार ऐसी स्क्रिप्ट की तलाश में रहती हूं, जो मुझे अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकालें।

बता दें कि इसके अलावा एक्ट्रेस कपूर शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देने वाली हैं।



# फिल्म 'जेलर 2' से बड़ा धमाका करेंगे रजनीकांत



**मुंबई।** साल 2023 में फिल्म 'जेलर' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के बाद रजनीकांत और नेल्सन की जोड़ी अब एक बार फिर धमाका करने के लिए तैयार है। 'जेलर' 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म रही और इसे खूब पसंद किया गया था। अब इसका सीक्वल आ रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। पिछले कई महीनों से 'जेलर' के सीक्वल को लेकर सुगबुगाहट चल रही थी। बताया जा रहा था कि नेल्सन 'जेलर' की रिलीज के बाद से ही इसके सीक्वल पर काम कर रहे हैं। अब जेलर 2 से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है, जिसके बारे में जान फैंस खुशी से नाच उठेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोर्स ने बताया कि 'जेलर 2' का पहला ड्राफ्ट लॉक हो गया है और टीम नेल्सन द्वारा तैयार किए गए कॉन्सेप्ट से खुश है। नेल्सन अब टाइगर के रोल में रजनीकांत को और अधिक एक्सप्लोर करना चाहते हैं और वह इसी में बिजी हैं।

**खबर संक्षेप**

## आम्बेडकर जयंती पर पुसौर में विभिन्न कार्यक्रम

**पुसौर।** हरित सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर पुसौर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें सायं 5 बजे विचार गोष्ठी हुई, वहीं 7 बजे से कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर से जुडे रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुई। बहरहाल हरित सेवा समिति पुसौर ने समस्त नगरवासी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर छत्तीसगढी लोक गायिकी कौशल्या बघेल द्वारा सुआ, पंथी, कर्मा, ददरिया जैसे लोक रंग सहित भीम गायन की प्रस्तुति दी।

## छठ व्रतियों ने दिया अस्ताचल सूर्य को अर्ध्य



**जशपुरनगर।** रविवार को चैत्र सूर्य षष्ठी पर छठ व्रतियों ने अस्ताचल सूर्य को अर्ध्य देकर सूर्य आराधना की। इस सूर्य उपासना में व्रती दो दिन पहले से सुद्धि कारण के लिए उपवास रखना सुरू कर देते है। पहले दिन उपवास रख कर लौकी चना दाल व चावल खाकर सुरूवत करते है। दूसरे दिन पुरादिन उपवास रखकर शाम के समय खीर पुड़ी का भोग भगवान भास्कर को लगया जाता है फिर वही प्रसाद व्रती ग्रहण करते है। और आखिरी छठ के दिन व्रती निर्जला उपवास रखते है और शाम के वक्त अस्ताचल सूर्य को अर्ध देते है। कल सुबह उदितमान सूर्य को अर्ध दिया जाएगा।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक



**जशपुरनगर।** जिले में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत कांसाबेल, ग्राम करडेगा सहित अन्य ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। वही रंगोली बनाकर, हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु सन्देश दिया। कांसाबेल में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## आगजनी से निपटने एक दिवसीय प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** वर्तमान समय में आग से बढ़ती दुर्घटनाओं से निपटने हेतु फायर इन्स्टीग्यूसर का 1 दिवसीय प्रशिक्षण रक्षित केन्द्र जशपुर में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के समस्त थाना व चौकी व रक्षित केन्द्र जशपुर एवं विभिन्न शाखाओं में तैनात कर्मचारियों को फायर इन्स्टीग्यूसर के संचालन की जानकारी अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा दिया गया। उनके द्वारा डेमो देकर सुरक्षा के तरीके एवं बचाव के तरीकों से बारीकी से अवगत कराया गया। आने वाले दिनों में फायर इन्स्टीग्यूसर का प्रशिक्षण बारी-बारी से सभी अधिकारी व कर्मचारियों को दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देशन में कराया गया जिसमें रक्षित निरीक्षक जशपुर अमरजीत खूंटे सहित इकाई के लगभग 50 अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 17 तक मशहूर कलाकारों से सजेगी धर्मनगरी की शाम

# छत्तीसगढ़ी गायक दुकालू के गीतों से चंद्रपुर का सांस्कृतिक महोत्सव गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

**खास बात**
- डा. महंत ने किया शुभारंभ

चंद्रपुर के सबसे बड़े मंदिर न्यास गोपाल महाप्रभु एवं श्री चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में पहले दिन माँ चन्द्रहासिनी के धाम चंद्रपुर में छत्तीसगढ़ी गायक दुकालू यादव के गीतों में झूम उठा नगर और चैत्र नवरात्रि के पंचमी कों जसगीत के धूनों पर शेरावाली के भक्त स्कूल मैदान में जयकारा लगाकर थिरकते रहे। श्री गोपाल महाप्रभु एवं चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास द्वारा स्कूल मैदान में शनिवार की रात जसगीत सम्राट दुकालू यादव का जगराता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

जिसमें शहर सहित आसपास के गांवों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी मंदिर दर्शन के बाद सम्मिलित हुए उनके साथ विष्णु तिवारी, नरेश गेवाडिन, रश्मि गवेल, अशोक तोता आदि सम्मिलित हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकुमार यादव भी जसगीत का आनंद लेते रहे। झूपत झूपत आबे दाई तोला ओ तोला गाड़ा गाड़ा जोहार भोले बाबा, चला चंद्रपुर जाबो के गीतों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।



### स्वाती मिश्रा का कार्यक्रम आज

दुनिया में शायद ही कोई राम भक्त होगा, जिसने शाम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी इस भजन को नहीं सुना ही होगा। मेरे घर राम आएं हैं भजन गाकर चर्चा में आई गायिका स्वाति मिश्रा चंद्रपुर आ रही हैं। वे मंदिर न्यास के द्वारा चैत्र नवरात्रि पर सप्तमी तिथि कों 15 अप्रेल की शाम 8 बजे आयजन क्रम के तीसरे कार्यक्रम में आयोजित उत्सव की मेहमान होंगी और इस मंच पर अपनी गायिकी से समां बांधेंगी। बिहार की रहने वाली और मुंबई में संगीत की शिक्षा लेने वाली स्वाति मिश्रा भोजपुरी की मशहूर गायिका हैं। लोगो का विशेष आग्रह था की इस आयोजन में स्वाति मिश्रा को बुलाया जाए लोगो की मांग पर उनके गीत भजनो का आनंद लेने मंदिर न्यास चंद्रपुर में 15 अप्रेल की शाम 8 बजे सभी कों आमंत्रित कर रहा है। गायिका स्वाति मिश्रा का भजन श्राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी इन दिनों पूरे देश में छाया हुआ है। इस भजन पर अब तक हजारों हजार रील्स बन चुके हैं। इधर पीएम मोदी ने जब से इस भजन और गायिका की तारीफ की है ये गीत और ज्यादा सुना जाने लगा है।

मंदिर न्यास के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का यह पहला कार्यक्रम हिट रहा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं विशिष्ट अतिथि विधायक रामकुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बेला में अतिथियों संग समिति के प्रबंधक गोविन्द अग्रवाल ने जगत जननी मां चंद्रहासिनी के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने लोगों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि मंदिर न्यास ने नगर में इस तरह के भव्य आयोजन आयोजित कराया है। कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

# जेपीएल में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन



**तमनार।** जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व कर्मचारियों ने 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई पोर्ट पर भीषण आग से लड़ते हुए शहीद हुए 68 फायर कर्मियों के लिए 01 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अग्नि सेवा व सुरक्षा की समूचित जानकारी प्रदान करने के लिए अग्नि सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। वहीं पूरे सप्ताह स्कूल, हास्पिटल, विभिन्न विभागों में अग्नि सेवा व सुरक्षा से संबंधित प्रश्नमंच, विभिन्न सुरक्षा तकनीकों का डेमो व प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ छवीनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य एवं संदीप संगवान, उपाध्यक्ष, आरडी कटरे, उपाध्यक्ष, एनके सिंह सहायक उपाध्यक्ष, एके सिंह, विभागाध्यक्ष, अग्नि सुरक्षा विभाग जेपीएल तमनार की उपस्थिति में अग्नि सुरक्षा झण्डा फहराकर तथा अग्नि सुरक्षा शपथ दिलाकर किया गया। प्रथमतया एनके सिंह ने समस्त कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा शपथ दिलाकर विपरित परिस्थियों में भी अग्नि से स्वयं व संयंत्र को सुरक्षित रखने का आग्रह किया। वहीं कार्यक्रम को अपने मुख्य आतिथ्य सारगर्भित सम्बोधन में छवीनाथ सिंह ने कहा कि संयंत्र एक मंदिर है और इस मंदिर रूपी संयंत्र में कार्यरत समस्त कर्मचारियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे अपने कार्य क्षेत्र को अग्नि दुर्घटना से बचायें क्योकिं इससे स्वयं के साथ साथ राष्ट्र संम्पति का नुकसान होता है, अनेकों लोगों को अपनी जान से हाथ धोनी पड़ती है, जो कि बहुत दुःखद होता है।

उन्होंने नवरात्र पर्व का उद्धहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार हम नौ दिन तक कठोर उपवास कर घर, संपूर्ण वातावरण को साफ व स्वच्छ व शुद्ध रखते हैं और मातारानी से अराधना कर अपने को धन्य मानते हैं। ठीक वैसे ही हमें पूरे वर्ष 365 दिन संयंत्र को कठोर परिश्रम कर, जागरूक होकर अग्नि से सुरक्षा कर स्वयं, परिवार एवं संयंत्र को सुरक्षित रखना होगा। ज्ञातव्य हो कि अग्नि सेवा सप्ताह के अवसर पर फायर व सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभिन्न सुरक्षा प्रदर्शनी, फायर फायटिंग के साथ रेस्क्यू ड्रिल का आयोजन किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सभी कर्मचारियों को भाग लेने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान एके सिंह, संजीव गुप्ता, सुदीप सिन्हा, आरपी पाण्डेय, संजीव परासरी, सचिन पटनायक, राजर गुप्ता, विरेन्द्र शर्मा, राजेश रावत एवं सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख, कार्यरत कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी अतिथियों एवं कर्मचारियों एवं श्रमिकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसके पाढ़ी, अग्नि सुरक्षा विभाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सम्पूर्ण कार्यकम के दौरान सफल मंच संचालन वरूण झा के द्वारा किया गया।

# पेयजल समस्या के निराकरण हेतु दूरभाष नंबर पर करें संपर्क

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में जिले के लोक यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के तुरंत निराकरण और सुचारू संचालन एवं संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07768.233089 है।

यह प्रकोष्ठ 30 जून 2024 तक के लिए प्रभावी है। सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी उप अभियंता के आर सूर्यवंशी नियुक्त किए गए हैं, जिनका मोबाइल नंबर 8602103054 है। इसी प्रकार सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर इंद्रदेव साहू नियुक्त है जिनका मोबाइल नंबर 7000 182661 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में सहायक अभियंता मनोज दाकोड़े को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 8109200800 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के रूप में डाटा एंट्री ऑपरेटर रविशंकर सोनी को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 7240951085 है।

प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसे प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएंगे एवं शिकायत का तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। जिला स्तर प्रखंड कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड एवं विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत और सुझाव इन स्थानों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नंबर 1800 2330008 में भी शिकायत सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे।

## सीएमएचओ ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विपिन कुमार इंदवार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा का औचकनिरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली तथा समय पर पहुंचकर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ इंदवार ने चिकित्सा स्टाफ की बैठक भी ली तथा सभी मैदानी कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान सभी स्टाफ उपस्थित पाए गए उन्होंने अस्पताल को व्यवस्थित एवं साफ सफाई में विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव लक्ष्य अनुरुप प्रगति लाने के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव के लिए आरएमए, स्टाफ नर्स से पुछने पर अपने क्षेत्र से 102, 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा या जिला चिकित्सालय जशपुर ले जाना बताया गया। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने एम्बुलेंस 102, 108 के प्रबंधक को बात कर सीधे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लैब टेक्नीशियन को बायोकेमेस्ट्री



# गरबा महोत्सव समिति ने किया दुर्गा चालीसा पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चैत्र नवरात्रि महापर्व का उल्लास पूरे शहर में देखने को मिल रहा है। सभी भक्तगण अपने घरो में अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर माता भवानी की विधिवत पूजा अर्चना कर रहे हैं, साथ ही अनेक स्थानों में महा भंडारा, भजन कीर्तन, रात्रि जागरण आयोजन श्रद्धापूर्वक किया जा रहा है। जिसका सिलसिला पूरे 9 दिनों तक चलता रहेगा।

इसी आध्यात्मिक उल्लास को शहर में बनाए रखने एवं चैत्र नवरात्रि पर्व की भव्यता को बनाए रखने खड्ग धारिणी गरबा महोत्सव समिति के तत्वधान में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की प्रचार प्रमुख श्रीमती प्रियंका भट्ट ने बताया की, आज चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि में नगर के सभी 48 वार्डो के प्रसिद्ध मंदिरों में एक साथ दुर्गा चालीसा का पाठ आरती पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम की भव्यता में नगर की लगभग 2500 मातृशक्तियों की उपस्तिथि रही।

# कार्यालयीन दिवस में बनाया जा सकता है खाद्य लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिले के अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन का कार्य कार्यालयीन दिवस और समय पर सीएमएचओ कार्यालय सारंगढ़ परिसर, शासकीय सामुदायिक अस्पताल के सामने में किया जाता है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को उपस्थित होकर पंजीयन अनुज्ञप्ति बनवाकर लाभ उठाने की अपील की है। पंजीयन, लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा या निगम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 वा 31(1) के तहत खाद्य विनिर्माता, रिपैकर एरीलेबरर एखाद्य परिवहन थोक व खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, किराना दुकान, मीट शॉप, पान ठेला, चाट वा गुपचुप ठेला, गन्ना रस, जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, फल, सब्जी विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को खाद्य लाइसेंस पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर 100 पंजीयन शुल्कए 12 लाख से 20 करोड़ तक पर 2000 है, जबकि उत्पादनकर्ता हेतु क्रमशः 3000 व 5000 का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की बैठक में निर्देश दिए हैं कि सभी होटल और छोटे खाद्य व्यापारियों को खाद्य लाइसेंस बनाने के लिए प्रेरित करें और नियम कानून अनुसार किसी प्रकार के मिलावटी, गंदगी आदि का पालन नहीं करते तो उन पर कार्यवाही करें। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि जुर्माना का प्रकरण सुनवाई अपर कलेक्टर न्यायालय और सजा की सुनवाई सीजेआई कोर्ट में किया जाता है।

## पत्थलगांव में रामनवमीं पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**पत्थलगांव।** रामनवमीं पर 17 अप्रैल दिन बुधवार को बाजे गाजे और डीजे की धुन में रामनवमीं की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। जिसका शुभारंभ सत्यनारायण मन्दिर से शाम के 4 बजे से होगा। राम नवमीं महोत्सव समिति पत्थलगांव के सदस्य अपनी तैयारी में लगातार जुटे हुए है। और अपनी तैयारी को मूलरूप दे रहे है। राम नवमीं महोत्सव समिति पत्थलगांव के श्याम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष राम नवमीं का जुलूस भव्य होगा। शहर के तीनों मार्गो से पूरे साज सजावट के साथ तरह तरह के वाहनों में श्री राम जिकी झांकी निकलेगी। कार्यक्रम में हाई क्वालिटी डीजे सिस्टम क्रेन डीजे, महाकाली झांकी बंगाल, अघोरी झांकी दिल्ली, बाहुबली हनुमान दिल्ली जामवंत वानर ,सेना झांकी मेरठ, राधाकृष्ण झांकी वृंदावन, सीताराम झांकी कोलकाता और लाइव भजन दुलदुल झांकी मध्यप्रदेश महाकाल डमरु दल उज्जैन राम लक्ष्मण सेतु पुल निर्माण वानर सेना की चलित झांकी दुर्ग व बनारस के पण्डितों के द्वारा इंदिरा चौक में राम जी की महाआरती 17 अप्रैल को रात्रि 8 बजे एवं महाभण्डारा रात्रि 8:30 बजे होगा।

# मकान और दुकान मालिक की बिना सहमति के विज्ञापनों पर एफआईआर करने का है प्रावधान

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार ने छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों का कठोरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाए। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा शासकीय एवं अशासकीय भवनों की दीवालों पर किसी भी प्रकार के नारे लिख कर विकृत किया जाता है तो उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय, अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाने तथा विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडे लगाए जाने के कारण शासकीय, अशासकीय सम्पत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है।

छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा 03 में निहित प्रावधानानुसार कोई भी व्यक्ति जो सम्पत्ति के स्वामी मकान या दुकान मालिक की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक क्षेत्र में आने वाले किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिख कर या चिन्हित कर के उसे विरूपित करेगा वह जुर्माने से जो एक हजार रूपया तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। ग्राम व नगर में पर्याप्त संख्या में टीम का गठन किया गया है। टीम सघन भ्रमण कर विरूपित सम्पत्ति को, सम्पत्ति विरूपण करने वाले के व्यय पर पूर्व स्वरूप में ला रही है तथा टीम द्वारा सम्पत्ति विरूपण करने वाले तत्वों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी राजनैतिक दल या निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी सम्पत्ति को बिना उसके स्वामी की लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है, तो निजी सम्पत्ति के स्वामी द्वारा सम्बन्धित थाने में सूचना दर्ज कराने के बाद गठित टीम निजी सम्पत्ति को विरूपित होने से चलाने की कार्यवाही करेगा एवं सम्बन्धित थाना प्रभारी, प्रदत्त सूचना रिपोर्ट पर विधिवत जांच कर सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार किसी धार्मिक स्थल का उपयोग किसी भी रूप में चुनाव प्रचार प्रसार के लिए नहीं किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा बैठक लेकर अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने दिए निर्देश

- पुलिस अधीक्षक द्वारा एसपी आफिस जशपुर में किया गया क्राइम मीटिंग का आयोजन

**जशपुरनगर।** पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय जशपुर में क्राईम मीटिंग का आयोजन किया गया। उक्त मीटिंग में जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारी शामिल हुये। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित मर्ग, शिकायत, गुम इंसान की थाना व चौकीवार बारीकी से समीक्षा कर थाना प्रभारी एवं संबंधित एस.डी.ओ.पी. को गंभीरतापूर्वक कार्य कर शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। वर्ष 2024 के पूर्व के पुराने लंबित अपराधों को विशेष रूची लेकर निराकरण करने हेतु कहा गया। थाना व चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ने पर संबंधित थाना व चौकी प्रभारी जिम्मेदार होंगे। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती राज्य के थाना व पुलिस अधिकारियों से लगातार समन्वय स्थापित कर अपराध की रोकथाम, अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु जिले के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया। लंबित पासपार्ट, चरित्र सत्यापन, सिक व अवकाश गैरहाजिर प्रकरण, पीड़ति क्षतिपूर्ती प्रकरण, बंदी छुट्टी प्रकरण, सायबर टीप लाईन, सायबर पोर्टल प्रकरण एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात शाखा प्रभारी को आईरेड पेंडिंग का त्वरित निराकरण हेतु कहा गया। साथ ही दो पहिया वाहन में तीन सवारी वाले चालकों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध एम.व्ही. एक्ट की कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों को तत्परतापूर्वक निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लगातार कार्यक्रम कर जनता के मध्य जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने हेतु कहा गया। लंबित शिकायत जांच में लगातार कार्यवाही कर समयसीमा के भीतर जांच कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देषित किया गया। जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द, कानून व्यवस्था बनाए रखने में राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अच्छा कार्य किया गया है।

